तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

13 योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने गांवों में पहुंच...



14 विकसित भारत संकल्प यात्रा याने ..



## खबर संक्षेप

### सब्जी की बात को लेकर मारपीट



**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने सब्जी की बात को लेकर मारपीट करने की शिकायत दर्ज किया है। प्रार्थी लंबोदर दीप पिता स्व धनंजय दीप (50 साल) ग्राम गोपालपुर ने गुणसागर चौहान ग्राम जोगीदादर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाया है कि सब्जी के बात को लेकर उसके साथ आरोपी ने गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### छोटा हाथी वाहन ने सायकल सवार को मारी ठोकर

**महासमुंद।** छोटा हाथी वाहन की ठोकर से एक 14 साल का बच्चा घायल हो गया। प्रार्थी खुमेश सोनी पिता अश्वनी सोनी (14 साल) ग्राम कांपा ने पुलिस को बताया कि छोटा हाथी वाहन क्र सीजी 06 जीएन 7259 का चालक ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बरबसपुर जाने का मार्ग ग्राम बिरकोनी के पास ठोकर मार दिया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा पट्टी के साथ दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने सट्टा जुआ खिला रहे धरम सिंह राजपूत पिता टीकम सिंह राजपूत एवं प्रमोद पाणीग्रही पिता स्व. शेषदेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से नगद रकम 2330 रुपए एवं 2 नग सट्टा पट्टी बरामद किया है। आरोपियों पर 6 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# बेटे के इलाज के लिए बेची जमीन, अब वापस करने दी जा रही धमकी

## बंदोरा के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ पीड़ित पहुंचा एसपी दफ्तर, कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुत्र के इलाज के लिए गांव वालों के कहने पर एक आदिवासी किसान की पड़त भूमि को खरीदना ग्राम बंदोरा के किसान को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। उक्त आदिवासी किसान द्वारा ग्रामीणों को जमीन लौटाने परेशान किए जाने की बात सामने आ रही है। किसान द्वारा अपनी जाति का धौंस दिखाकर जेल भेजने की धमकी दी जा रही है, जिससे तंग आकर गुरुवार को करीब दो सौ से अधिक ग्रामीणों को साथ लेकर एसपी और कलेक्टर पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि सुरेश कुमार पटेल पिता प्यारे लाल पटेल निवासी बंदोरा ने बताया कि गांव के ही ज्ञानसिंह बरिहा पिता स्व. सुखीराम बरिहा की परिया (भाठा भरी) को गांव वालों के समक्ष ज्ञानसिंह बरिहा की सहमति से उक्त भूमि को उसके द्वारा दो लाख 30 हजार रुपए में खरीदा गया, जिसे ज्ञानसिंह द्वारा अपने पुत्र के इलाज के लिए विक्रय कर रहा था। यह भूमि गांव वालों की गवाही एवं ज्ञानसिंह के हस्ताक्षर कर खरीदा गया तथा बाद में अनुमति लेकर रजिस्ट्री किए जाने की बात की गई। जिसके बाद उक्त पड़त भूमि को मेहनत से धान बोने योग्य बनाया। उक्त भूमि को विगत 7 वर्षों से खेती करते आ रहा है। लेकिन, वह भूमि को वापस करने की धमकी दे रहा है। इसलिए, उसके द्वारा किसी भी प्रकार की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर उसे अमान्य करार दिया जाए। इस दौरान हीरा ध्रुव, कार्तिक, तिलक, जीरन, पदुमलाल, राजकुमार, ललित, बंशीलाल, सोनूराम, तिलेश्वर, महेश्वर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहें।

### एसटी, एससी धारा में फंसाने की धमकी

ज्ञानसिंह द्वारा विगत 4 माह से मुझे परेशान कर रहा है तथा धमकी देत रहा है मैं आदिवासी हूं। मेरी जमीन को छोड़ दें। नहीं तो तुझे आदिवासी धारा में फंसा दूंगा। उक्त धमकी देने के संबंध में गांव वालों को बताए जाने पर बैठक रखी गई। जिसमें ज्ञानसिंह शामिल नहीं हुआ और अश्लील गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दिया।



### ग्रामीणों ने भी सौंपा ज्ञापन

इधर, ज्ञानसिंह बरिहा के परिवार द्वारा ग्रामीणों को गाली गलौज एवं जालसाजी फंसाने की धमकी दिए जाने के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। बताया कि उनके परिवार द्वारा गांव की गलियों में घूमकर अश्लील गाली गलौज की जाती है और कुल्हाड़ी डंडा लेकर धमकाया जा रहा है, जिससे गांव अशांति एवं भय का माहौल बना रहता है।

## कार्रवाई : ओडिशा से राजस्थान ले जाने की थी तैयारी, दो तस्कर गिरफ्तार

# कार से 14 लाख का अवैध गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सीमावर्ती प्रांत ओडिशा से कार में महासमुंद जिले के रास्ते राजस्थान ले जा रहे दो तस्करों को कोमाखान पुलिस द्वारा पकड़ा गया। तस्करों के कब्जे से कार की पिछली सीट के नीचे चैंबर बनाकर रखे 70 किलो गांजा कीमती 14 लाख रुपए को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट 20(ख) के तहत कार्रवाई की गई।

सीमावर्ती राज्य ओडिशा से लगातार अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन महासमुंद के रास्ते किए जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई दिए गए थे। जिस क्रम में बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि नुवापाडा, खरियार रोड ओड़िशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा का बडा खेप एक सफेद रंग की इटोस कार में राजस्थान ले जाने वाले हैं, जिस पर एनएच 353 के थानों की पुलिस टीम द्वारा सभी पाईंटों पर भी बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच कर की जा रही थी। तभी ओडिशा की तरफ से एक सफेद रंग की इटोस कार क्रमांक यूपी 80 सीसी 6473 आ रही थी, जिसे टेमरी नाका के पास घेराबंदी कर रोका गया। वाहन में 02 व्यक्ति सवार मिले, जिससे नाम पूछने पर जोगेंद्र सिंह पिता स्व भूपेंद्र सिंह 63 वर्ष बजरिया थाना सिटी कोतवाली और विजय सिंह पिता अमर सिंह 51 वर्ष चिलाखुर थाना सरमथुरा जिला धौलपुर ( राजस्थान) बताया गया। कार की तलाशी लेने पर पीछे सीट के नीचे बने चैंबर में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। मौके पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 70 किलोग्राम गांजा कीमत लगभग 14 लाख रुपए एवं एक सफेद इटोस कार कीमती 3 लाख रुपए तथा नगदी 5670 रुपए, 02 नग अलग-अलग मोबाईल टच स्क्रीन एवं कीपैड कीमती 5000 रुपए कुल जुमला कीमती 17,10, 670 रुपए जप्त किया गया।





### दस किलो गांजा जब्त, उत्तर प्रदेश का आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। ओडिशा की ओर से गांजा तस्करी कर रहे एक युवक को सिघोड़ा पुलिस ने दस किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि चेकिंग दौरान ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे है एक महरून कलर की बिन नंबर टीवीएस जूपिटर स्कूटी को रोका गया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम नीरज सिंह पिता जीत बहादुर सिंह (33 साल) निवासी निबावल थाना लालगंज जिला मिर्जापुर (उत्तरप्रदेश) का रहने वाला बताया। आरोपी के बैग व स्कूटी की तलाशी लेने पर सीट के नीचे डिक्की में 7 पैकेट कुल 10 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 5,00,000 रुपए को बरामद किया। आरोपी के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## मदिरा में मिलावट-ओवर रेट के प्रकरणों में 12 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त

**महासमुंद।** जिले की मदिरा दुकानों में मिलावट तथा ओवर रेट में बेचने के मामले में 12 कर्मचारियों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कर सेवा समाप्त कर ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई की गई। मदिरा दुकानों के सुचारू संचालन व आबकारी राजस्व की सुरक्षा के मद्देनजर सचिव सह आबकारी आयुक्त आर संगीता तथा कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा मदिरा दुकानों की सतत जांच व कड़ी निगरानी कि निर्देश दिए गए हैं।

निर्देश के परिपालन में जिले के वृत्त प्रभारी अधिकारियों द्वारा मदिरा दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। 10 जनवरी को कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान-तुमगांव में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मदिरा विक्रय काउंटर पर रखे आफ्टर डार्क व्हिस्की की एक बोतल मदिरा का होलोग्राम क्षतिग्रस्त होना तथा उक्त मदिरा के तेजी परीक्षण में मदिरा में मिलावट होना पाया गया। उक्त कृत्य में संलिप्त मदिरा दुकान के मुख्य विक्रयकर्ता विजय ब्रह्मे तथा विक्रयकर्ता किशन पांडे के विरुद्ध धारा 38-क आबकारी एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा उक्त कर्मचारियों को तत्काल सेवा से निष्कासित कर ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त-महासमुंद अंतरिक हृदय कुमार तिरपुडे के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान आबकारी उप निरीक्षक दरसराम सोनी, वृत-महासमुंद शहर एवं आबकारी स्टाफ के साथ प्लेसमेंट एजेंसी सुमित फैसिलिटीस प्रा. लिमिटेड के जिला प्रतिनिधि प्रवेश कुमार जैन तथा फील्ड ऑफिसर गोल्डन कुमार उपस्थित रहे।

### मिलावट प्रकरण में लगातार कार्रवाई जारी

विदित हो कि हाल ही में विदेशी मदिरा दुकान-सांकरा तथा बसना में मदिरा मिलावट के प्रकरणों में 02 मुख्य विक्रयकर्ताओं तथा 04 विक्रयकर्ताओं के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर सेवा से निष्कासित करने तथा ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई की गई है तथा विदेशी मदिरा दुकान सितलीनाला में ओवर रेट के एक अन्य प्रकरण में 01 मुख्य विक्रयकर्ता, 02 विक्रयकर्ताओं तथा 01 मल्टीपर्पस वर्कर के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करते हुए सेवा समाप्ति तथा ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई की गई।



### पुलिस का ताबड़तोड़ अभियान, 11 मामलों में 58 लीटर शराब जब्त

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने एसपी राजेश कुकरेजा के मार्गदर्शन में अवैध शराब बेचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। अवैध शराब के 11 प्रकरणों में 58 लीटर शराब कीमत 13,500 को जब्त किया गया है। इन मामलों में छह आरोपियों पर धारा 34(2), चार लोगों पर 34(1) और एक पर धारा 36(च) के तहत कार्रवाई की गई है। सांकरा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए गुरुचरण खड़यिा पिता संतोष 27 साल ग्राम डोलडीपा चारभांठा को 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए के साथ पकड़ा है। बागबाहरा पुलिस ने फिरतु राम कमार पिता मानाराम (30 साल) कमारडेरा के पास से 8000 एमएल महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को बरामद किया है। बसना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तोषगांव से बेल्डीह पठार जाने का रास्ता के पास अजय कोसरिया पिता रूपानंद (20 साल) बेल्डीहपठार के निवासी को 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए के साथ पकड़ा है। खल्लारी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान पुल के पास सोरमसिंघी रोड़ ग्राम पाली के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे विजय पाल पिता ईतवारी 30 साल को 7000 एम एल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है वहीं मोहन सतनामी पिता स्व भरवाला सतनामी को ग्राम कोमा टावर के पास से 6000 एमएल महुआ शराब कीमत 1200 रुपए के साथ पकड़ा है। महासमुंद पुलिस ने रोहनदास मानिकपुरी पिता कबीरदास (24 साल) निवासी खरोरा को 5940 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 2640 रुपए को स्कूटी कीमत 18000 ररुपए में परिवहन करते खरोरा पुल के पास से पकड़ा है। बसना पुलिस ने रामदयालनंद पिता सदानंद (47 साल) निवासी गढ़फुलझर के घर से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए, गढ़फुलझर के ही उत्तम महिलांगे पिता मकराम (42 साल) के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया। बागबाहरा पुलिस ने ग्राम पोटरीपानी बांधापारा जाने के रास्ते से त्रिलोचन ठाकुर पिता खेमूराम ठाकुर (30 साल) निवासी पोटरीपानी के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए बरामद किया है। इसी तरह तुमगांव पुलिस ने मोतीलाल कोसले पिता सुखराम (38 साल)निवासी तेंदूवाही से ग्राम जोबा से कुकराडीह मार्ग पर 1800 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 800 रुपए व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है।

## सागरपाली के गोदाम में तलाशी, खैर प्रजाति के 430 नग लट्ठे जब्त

**सरायपाली।** वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत के निर्देशन में उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली प्रत्युष टाण्डेय के नेतृत्व में सरायपाली परिक्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा गुरूवार को ग्राम सागरपाली के प्रवीण अग्रवाल पिता बजरंग अग्रवाल एवं सलाउद्दीन पिता अलाउद्दीन ग्राम सागरपाली के गोदाम में तलाशी ली गई। जहां पर खैर प्रजाति के लट्ठा 430 नग 9.126 घन मी एवं एक नग महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 11 एबी 0991 खैर लठ्ठा मय जब्त की गई। जब्त वनोपज की कीमत 1.35 लाख है। दोनों आरोपियों से पूछताछ कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 72 (1) (ग) या मप्र वनोपज (व्यापार विनिमयंन) अधिनियम 1969 की धारा 15 (1) के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई में सरायपाली परिक्षेत्र के सपअ सिंघोडा संतोष कुमार पैकरा, सपअ सरायपाली योगेश्वर निषाद, सपअ बलौदा रविलाल निर्मालकर, सपअ पालीडीह योगेश्वर कर एवं सरायपाली परिक्षेत्र के समस्त वनरक्षक और सुरक्षा श्रमिकों का सहयोग रहा।



हरिभूमि
## पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969



## खबर संक्षेप

### बस यात्री से मारपीट, कंडक्टर पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सराईपाली हाईवे में यात्री कथित बस कंडक्टर की गुंडागर्दी सामने आई है। यहां एक यात्री की बुरी तरह से पिटाई कर दी गई। पुलिस ने आरोपी अशफाक खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है। प्रार्थी सरायपाली निवासी हेमंत कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह रायपुर से सरायपाली के लिए रफ्तार कंपनी की बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0481 में सवार होकर सरायपाली जा रहा था। बस में नान स्टापेज सरायपाली लिखा था। पिथौरा आते ही बस को रोक दिया गया और सभी यात्री को दूसरे बस में जाने को कहा। उस बस में ज्यादा भीड़ होने की वजह से उसने जाने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर अशफाक खान उसे अश्लील गाली गलौज कर हाथ, मुक्का से मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी दी, जिससे उसकी बांयी आंख एवं दाहिने हाथ के कोहनी के पास चोट लगी है।

### शराब पिलाने से मना करने पर युवक को पीटा

**महासमुंद।** शराब पिलाने से मना करने पर एक युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। ग्राम बेलसोंडा में हुई इस घटना में प्रार्थी नरेश चंद्राकर पिता स्व रमेश चंद्राकर (24 साल) ने बताया कि गांव के चुन्नीलाल लाल चंद्राकर पिता स्व चंद्रिका ने उसे शराब पिलाने कहा, लेकिन जब मैने मना किया तो आरोपी ने गालियां देते हुए हाथ मुक्के और डंडे से मारपीट की। पुलिस ने मामले पर आरोपी पर धारा 294, 323, 506 भादवि अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने जब्त की 14 लीटर हाथ भट्ठी शराब

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने शराब बिक्री कर रहे दो लोगों लोगों पर कार्रवाई की है। पहले मामले में ग्राम जम्हर के आरोपी गौतम ठाकुर पिता जेठू राम ठाकुर (55 साल) के पास से घर बाड़ी में अवैध रूप से रखे 7 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया गया। इसी तरह दूसरे मामले में ग्राम खुसरूपाली के आरोपी सहसराम बरीहा पिता अमर सिंह बरिहा (50 साल) के घर बाड़ी 7 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया गया। इस मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

**जायजा: अनुविभागीय, तहसील व कलेक्टोरेट कार्यालय का निरीक्षण**

# राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें: अलंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- समुचित रिकॉर्ड संधारण के निर्देश, निरीक्षण के पश्चात राजस्व अधिकारियों की ली बैठक, राजस्व अधिकारी किसानों के हित के लिए कार्य करें, त्वरित न्याय



रायपुर संभागायुक्त डॉ संजय अलंग गुरुवार जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने सुबह महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के 13 मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जिले में चल रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली। इसके पश्चात डॉ अलंग ने महासमुंद तहसील कार्यालय, अनुविभागीय राजस्व कार्यालय तथा कलेक्ट्रेट के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

संभागायुक्त डॉ अलंग ने राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीमांकन, बंटाकन और अन्य प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। ई-कोर्ट में दर्ज सभी प्रकरणों का भी निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करें। जिन प्रकरणों में बंटाकन नक्शे में दर्ज नहीं हुआ है उसे पूर्ण किया जाए। डॉ अलंग ने कहा कि इसके लिए तहसीलदार आवश्यक रणनीति तैयार करते हुए जिस खसरे में ज्यादा बटांकन है उसे प्राथमिकता देते हुए प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। इसके लिए गांव वार सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नक्शा बटांकन का कार्य इस वित्तीय वर्ष के पूर्व कर लिया जाए। साथ ही कहा कि ऐसे विवाद मुक्त ग्राम बनाएं जहां किसी तरह का राजस्व विवाद न हो।

डॉ अलंग ने स्वामित्व योजना के तृतीय चरण के स्थल सत्यापन की जानकारी लेते हुए सराहना की। कमिश्नर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि खसरा का निरंतर अद्यतन करते रहें। उन्होंने कहा कि हमें किसानों के लिए कार्य करना है। यह प्रयास करे कि किसानों को बार-बार पेशी में न आना पड़े। यह हमारा दायित्व है कि किसानों को सुविधाजनक स्थिति में लाएं। भू-राजस्व संहिता के अनुरूप त्वरित निराकरण करें। उन्होंने प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए कहा कि यदि किसान आवेदन लेकर पहुंचे तो पहले मार्किंग करे उसके पश्चात अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक के दौरान राजस्व अधिकारियों के दायित्वों का बोध कराया। इसके पूर्व डॉ अलंग ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय महासमुंद का निरीक्षण किया। इस दौरान कहा कि रिकॉर्ड का समुचित रख-रखाव व संधारण करें। कमिश्नर ने प्रकरणों की स्वयं जांच करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। इसी तरह तहसील कार्यालय व उनके माल जमादार, कानूनगो, नकल शाखाओं में जाकर रिकॉर्ड का अवलोकन किया। वहीं कलेक्ट्रेट कार्यालय के रीडर, भू अभिलेख, खाद्य शाखा, स्थापना, नाजिर शाखाओं के रिकॉर्ड का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर प्रभात मलिक, डिप्टी कमिश्नर रायपुर ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी हेमंत नंदनवार मौजूद रहे।

# मार्ग से गुजरने वाले लोगों पर अकारण हमला करने वाला एक नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विगत कुछ दिनों से शहर के आसपास विभिन्न मार्गों में सुनसान जगहों पर राहगीरों पर हमला व मारपीट करने के मामले में पुलिस द्वारा एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, इसमें लिप्त 4-5 अन्य लोग फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा सभी फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

लगभग सप्ताहभर पूर्व से शहर के पास सारंगढ़ मार्ग, झिलमिला से बैतारी चौक के बीच सूनेपन का फायदा उठाकर कुछ उपद्रवी तत्वों द्वारा मार्ग से गुजरने वाले लोगों पर अकारण हमला किए जाने की घटनाएं सामने आ रही थी, जिससें क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल बन गया था। लगातार इन घटनाओं के खबरों का प्रकाशन किया जा रहा था। इन घटनाओं को देखते हुए थाना में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 327, 34 के तहत अपराध कायम किया गया था। साथ ही पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे एवं एसडीओपी सरायपाली अभिषेक केशरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवानंद तिवारी व उनकी टीम द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

इसी कड़ी में मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा एक 17 वर्षीय अपचारी बालक को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड में लेकर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है। मामले में कुछ अन्य आरोपियों के भी लिप्त होने की जानकारी मिली है, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस की कार्रवाई के बाद विगत दो-तीन दिनों से इस तरह की घटनाएं सामने नहीं आयी है। वहीं शहर व क्षेत्रवासियों के द्वारा भी इस प्रकार के आपराधिक तत्वों पर जल्द से जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की जा रही है।

### जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे आरोपी

थाना प्रभारी तिवारी ने बताया कि लगातार इन घटनाओं की शिकायतें मिल रही थी, जिस पर पुलिस द्वारा भी आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान छेड़ा गया था। इस मामले में एक नाबालिग पकड़ा गया है और 4-5 अन्य लोग भी इसमें शामिल होने की जानकारी मिली है, जो अभी फरार हैं। पुलिस द्वारा उनकी भी तलाश की जा रही है और वे जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# नपाध्यक्ष ने स्वच्छता पुरस्कार पर जताई खुशी, उपलब्धि में सभी का योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भारत पूर्वी जोन के नगर पालिकाओं में महासमुंद पालिका को मिला प्रथम पुरस्कार



स्वच्छता सर्वेक्षण में भारत के पूर्वी जोन में प्रदेश से महासमुंद नगर पालिका को मिले प्रथम पुरस्कार के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए भारत के पूर्वी जोन के साथ प्रदेश में महासमुंद पालिका को प्रथम पुरस्कार मिलना आज तक पालिका के इतिहास में बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, सफाई मित्र, कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता बहने और शहर के समस्त नागरिकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है। नपाध्यक्ष ने इसके लिए सभी का आभार जताते हुए इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह स्वच्छता के क्षेत्र में प्रशासन, महासमुंद पालिका के अधिकरी-कर्मचारियों और शहर के नागरिकों का सहयोग मिलता रहा तो पालिका को केवल एक जोन से नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में स्वच्छता के लिए पुरस्कार और उपलब्धि हर वर्ष मिल सकती है। इसके लिए हम सभी को मिल-जुलकर कार्य करना होगा। उन्होंने शहर के नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे अपने आसपास सफाई रखें और इधर-उधर कचरा फेंकने की बजाए डस्टबीन का उपयोग कर स्वस्थ पालिका और स्वच्छ पालिका बनाने की दिशा में कार्य करने में पालिका का सहयोग करें।

# भगवान श्रीराम का बहिष्कार करने वाली कांग्रेस का 2024 में जनता करेगी बहिष्कार: देवेंद्र



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी ईर्ष्या, द्वेष और हीन भावना के कारण कांग्रेस देश का विरोध करने की हद तक चली गई है, और अब 100 करोड़ सनातनियों के आराध्य भगवान श्रीराम का विरोध कर रही है। कांग्रेस के हीन भावना की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने इसे हिंदुओं की आस्था का अपमान बताया है। चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस ने इतने वर्षों में राम मंदिर के लिए कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेस ने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। कांग्रेस अलाकमान सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे साफ कर चुके हैं कि वे अयोध्या नहीं जाएंगे। भगवान राम को काल्पनिक बताने वालों के लिए यह कोई नया फैसला नहीं है। कांग्रेस ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण का वादा किया था। भगवान राम का बहिष्कार करने वाली कांग्रेस का अब जनता 2024 में बहिष्कार करेगी। देवेंद्र ने कहा कि त्रेतायुग में रावण भी अपनी बुद्धि खो चुके थे। उन्होंने अपने भाई विभीषण व कुंभकर्ण तथा अपने पुत्र मेघनाथ की बात भी नहीं सुनी थी। इसी का परिणाम रहा कि रावण सहित समस्त दानव वंश का सर्वनाश हुआ। इसी राह पर आज कांग्रेस चल रही है। राजनीति से परे करोड़ों सनातनियों के आस्था का प्रतीक भगवान श्रीराम का विरोध करना कांग्रेस को पतन की ओर ले जाएगा। आगामी लोकसभा चुनाव में 100 करोड़ सनातनी भारत को कांग्रेस मुक्त बनाएगा।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग शासन की नवनियुक्त महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डा. विमल चोपड़ा, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचंद राठी, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिका ने सौजन्य मुलाकात कर मंत्री बनने पर हर्ष जताया। डा. चोपड़ा ने मंत्री से कहा कि स्वसहायता समूह के माध्यम से भाजपा शासन में रेडी-टू-ईट का काम करने वाली महिलाएं कांग्रेस सरकार में काम से वंचित हो गयी और रेडी-टू-ईट कांग्रेस द्वारा कम्पनी को दे दिया गया था, जिसे पुनः महिला स्वसहायता समूह के हाथों में दिया जाए, यह पार्टी की घोषणा पत्र में भी है। इस पर मंत्री राजवाड़े ने बताया कि महिला स्वसहायता समूह को रेडी-टू-ईट देने के लिए योजना बन रही है। शीघ्र महिलाओं को काम सौंपा जाएगा।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता हुई



**महासमुंद।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सेजेज हिंदी माध्यम आदर्श महासमुंद के सभाकक्ष में हुआ। इस प्रतियोगिता में महासमुंद जिले के पांचों विकासखंड के प्रारंभिक स्तर में पांच-पांच एवं माध्यमिक स्तर में पांच-पांच विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ कमल नारायण चंद्राकर डीएमसी समग्र शिक्षा, हेमेंद्र आचार्य प्राचार्य सेजेस, डीएन जांगड़े, राजकुमार साहू, एमपी साहू, विद्या साहू, संपा बोस एपीसी, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी महासमुंद के उपस्थिति में हुआ।

प्रश्न मंच का आयोजन जिला विज्ञान परिषद द्वारा तैयार किए गए प्रश्नोत्तरी के माध्यम से हुआ। जिसमें प्रारंभिक स्तर पर प्रथम विकासखंड पिथौरा, द्वितीय विकासखंड सरायपाली, तृतीय विकासखंड बसना ने प्राप्त किया। वहीं माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान विकासखंड महासमुंद, द्वितीय विकासखंड बागबाहरा एवं तृतीय स्थान सरायपाली को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर ने कहां की ईंधन, सूचना, कंप्यूटर, मोबाइल, उपकरण, भौतिक संसाधन आदि ऐसे कई अनोखे साधन विज्ञान ने दिए हैं, जिनसे जीवन बेहतर सरल और संपन्न हो गया है इसे बरकरार रखने की जवाबदारी विद्यार्थियों की है। प्राचार्य आचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान अथाह ज्ञान का सागर है, जितना डुबकी लगाओगे ज्ञान उतना ही मिलते जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार कार्यक्रम प्रभारी सांप बोस एपीसी समग्र शिक्षा ने किया। अवसर पर विज्ञान परिषद के जगदीश सिन्हा, सुबोध तिवारी, खेमराज साहू, विवेक वर्मा, यशवंत चौधरी, प्रमोद कन्नौजे, कल्याणी सोनकर उपस्थित थे।

# वृंदावन विद्यालय में रचनात्मक कौशल पर विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में बुधवार को रचनात्मक कौशल पर विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक, सृजनात्मक गुणों तथा नवनिर्माण कार्यो के लिए प्रोत्साहित करना व प्रेरणा प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभांरभ संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्रचार्या इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव, उर्मिला अग्निहोत्री व आशा ज्योति डोरा द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

तत्पश्चात रिबन काटकर विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रयोगात्मक, संरचनात्मक, चित्रात्मक माडल जो कि विज्ञान के भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान व सामाजिक विज्ञान अंतरिक्ष विज्ञान इत्यादि विषयों से सम्बंधित थे। विज्ञान प्रदर्शन में कक्षा 05वीं से कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों व तथ्यों जैसे चंद्रयान-3, ग्रह-उपग्रह, पृथ्वी पर जीवन, न्यूटन का नियम, सौर सेल पैनल (विद्युत ऊर्जा उत्पादन) पवन ऊर्जा, सौर कुकर, ज्वारीय ऊर्जा, ऊर्जा संरक्षण, जल चक्र, एग्रीकल्चर, सिंचाई की नवीन तकनीक, तत्व यौगिक व मिश्रण, अम्ल वर्षा, क्षार व लवण अम्ल वर्षा, पीएच स्केल, उदासनी करण अभिक्रिया, जंतु कोशिका, मानव हदय में रक्त परिसंचरण, श्वसन तंत्र, प्रकाश संश्लेषण अभिक्रिया दहन व ज्वलन अभिक्रिया, खाद्य श्रृंखला, रेशम कीट पालन व रेशम उत्पादन, काजल निर्माण पॉलिमर, थर्मोप्लास्टिक व थर्मोसेटिंग प्लास्टिक, लैंस मानव नेत्र सुरक्षा युक्ति यंत्र, सफाई यंत्र, वेक्युम क्लिनर इत्यादि स्वनिर्मित व कल्पनात्मक प्रोजेक्ट पर माडल व पोस्टर बनाकर अपना विचार प्रकट किया गया। तत्पश्चात संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन द्वारा बच्चों को उनके सृजनात्मक कार्यों व सफल प्रस्तुतिकरण के लिए शुभकामनाएं दी गई। संस्था संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान के आश्चर्यचकित करने वाले तथ्यों को जानने व विज्ञान मानव जीवन के लिए वरदान व अभिशाप उक्त तथ्य पर विचार व्यक्त किया गया एवं उत्कृष्ट मॉडल व श्रेष्ठ प्रस्तुति करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। उपप्राचार्या इंदु मिश्रा द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में शत प्रतिशत भागीदारी के लिए बच्चों को बधाई दी गई। कार्यक्रम में विज्ञान प्रभारी शिक्षिका काजल ठाकुर, चंदना सोनी व दामिनी वैष्णव द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान प्रदर्शनी के लिए मार्गदर्शन किया गया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव ने किया।



कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी राव, अमृता चंद्राकर, रेखा साहू, काजल ठाकुर, जागृति साहू, संध्या सोना, दमिनी वैष्णव, सुषमा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, ललिता सिंग राजपूत, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनि साहू, अंशु यादव, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, जाबिर खान एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा। विज्ञान प्रदर्शनी में सम्मिलित छात्र-छात्राओं में ओम चंद्राकर, साहिल चंद्राकर, तिरण सोनवानी, कुलेश्वर-ज्वारीय ऊर्जा, मोक्ष साहू, यश केला-भूकंप अलार्म, मयंक चंद्राकर - वर्षा डिटेक्टर, समीर साहू, पवन टावरी - न्यूटन लॉ, स्वेच्छा वर्मा, प्रेरण बिशाल-चंद्रयान-3, रूबिना, नूपुर- अम्ल क्षार और लवण पीएच स्केल, पूर्वा, भूमिका-प्रकाश का परावर्तन, प्रिया, गुंजा-मानव हदय का मिश्रण, पुष्कर, लिलेश्वर, यश-सोलर कुकर एवं अन्य विद्यार्थियों सम्मिलित रहे।

**पुरूर, चिटौद, चंदनबिरही, आनंदपुर में पहुंचा संकल्प रथ**

# शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन में आया बदलाव : कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पुरूर(धमतरी)



विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का आगमन गुरूर विकासखंड के ग्राम पुरूर, चिटौद, चंदनबिरही, आनंदपुर सहित कई गांवों में हुआ जहां शिविरों के माध्यम से लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में आम जनता को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हैं। महिलाओं को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेण्डर, गरीबों को मुफ्त चावल, जन धन योजना के तहत बैंक में खाता खुलवाकर योजनाओं का लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना, विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन के तहत हर घर स्वच्छ पेयजल सहित कई योजनाएं लागू कर आम लोगों के जीवन स्तर को उंचा उठाने का प्रयास किया जा रहा है। संकल्प यात्र के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम छोर तक पहुंचाने की दिशा में सार्थक पहल है।

महामंत्री मेहत्तर नेताम, युवा मोचा मंत्री अजेन्द्र साहू सहित भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर योजना का लाभ दिलाने की बात कही। ग्राम चिटौद सरपंच कुमारी साहू, पुरूर सरपंच सुकीर्ति यादव, चंदनबिरही सरपंच रामस्वरूप साहू, आनंदपुर सरपंच सुनीता साहू ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सेवा सहकारी, खाद्यान्न विभाग, ग्रामीण बैंक, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिविर में लोगों को योजनाओं की जानकारी दी।

मौके पर रघुवीर साहू, कृष्णा कोर्राम, पंजाबराव सालुंके, गोकुलराम साहू, बनवालीराम मेश्राम, रूपराम नागवंशी, छबिलाल साहू, निर्मल साहू, कीर्तन माला, द्वारिका कटेन्द्र, केजूराम साहू, मिथलेश साहू, भीमसेन ध्रुव, मयाराम साहू, हरखराम साहू, रमेश साहू, भागबली साहू, भगवानीराम साहू सहित क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विधायक चंद्राकर से मिले यादव समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

छग झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव के नेतृत्व एवं भगत सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष की अगुवाई में यादव समाज के लोगों ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से मुलाकात कर यादवी वेशभूषा पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर रमेश यादव जिलाध्यक्ष, संतोष यादव कोषाध्यक्ष, अवध यादव सचिव, भगवती यादव ब्लाक कोषाध्यक्ष, अनूप यादव ब्लाक सहसचिव, नवीन यादव नगर अध्यक्ष, डीलेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष, लोमश यादव, गोविंद यादव, किशोर यादव, राकेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, लेखराम यादव, राजेंद्र यादव, पुष्कर यादव, धनेश्वरी पुष्कर यादव जनपद सदस्य कुरूद सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### खरखरी में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**सरायपाली।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खरखरी में गांव के महिला समिति द्वारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत खरखरी में छह महिला समितियों द्वारा पूरे गांव में स्वच्छता अभियान के तहत गांव के चारों दिशाओं ओर साफ सफाई की गई। गांव के नाली और तालाब सफाई किए। साफ-सफाई में भाग लेने वाले की संख्या लगभग 35 से 40 थी। इसमें प्रमुख रूप से चंद्रकांति साहू, तिलोत्तमा बारिक, पूर्णिमा बारिक, बिंदू बारिक, बिल्मा भोई, सुरेंद्री भोई, संगीता साहू, निलाद्री थपा और संतोषीनी थपा सहित गांव के सभी महिलाओं ने साफ सफाई की।



### भाजपा कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में विपिन हुए शामिल

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायपुर संभाग के कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह रायपुर के इंडोर स्टेडियम में रखा गया था। जिसमें सरायपाली विधानसभा से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र विपिन उपोवेजा व क्षेत्र के उत्कृष्ट व सक्रिय कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कार्यक्रम में बलौदा मंडल के उत्कृष्ट व सक्रिय कार्यकर्ता मेरा बूथ सबसे मजबूत के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नरेंद्र प्रधान को फूल माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



### सचिव संघ ने की विस अध्यक्ष से मुलाकात

**महासमुंद।** पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सचिव संघ महासमुंद द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के निज निवास में मुलाकात किया गया। सचिवों की शासकीयकरण के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान सचिव राजकुमार ध्रुव, बेनीराम चंद्राकर, शिव कोसरे, चंद्रमनी चंद्राकर, राजू, शिव पटेल, मोरधा सरपंच दामजी साहू आदि मौजूद रहे।

### सम्मान समारोह आज

**सरायपाली।** नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में श्रम वीर सेवा संस्थान द्वारा किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि फागुराम कश्यप उपसंचालक कृषि महासमुंद, विशिष्ट अतिथि विवेक पटेल एसडीओ कृषि विभाग, सुशील साहू सचिव कृषि उपज मंडी समिति सरायपाली होंगे। अध्यक्षता प्रोजेक्ट प्रधान समाजसेवी करेंगे। श्रम वीर सेवा संस्थान की सचिव अनिता चौधरी ने बताया कि नई कृषि उपज मंडी प्रांगण में सुबह 11 बजे किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

**आयोजन :** पिथौरा ब्लाक के ग्राम गोड़बाहल और मुढ़ीपार पहुंची यात्रा

# योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने गांवों में पहुंच रही संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने जन जन को संकल्पित करने के उद्देश्य से सरकारी तौर पर निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव-गांव में अब खूब माहौल बन गया है। जगह-जगह मोदी की गारंटी वाली मोबाइल वैन का स्वागत किया जा रहा है। यात्रा अब एक तरह से उत्सव का रुप ले चुकी हैं। यात्रा का पड़ाव जिस ग्राम में होता है वहां मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से मोदी की गारंटी वाली मोबाइल वैन के माध्यम से मोदी का विकसित भारत को लेकर संदेश ग्रामीणों के समक्ष प्रसारित किया जा रहा है।

कार्यक्रम को रोचक बनाने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं का संदेशपरक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जन कल्याणकारी योजनाओं का आकर्षक ढंग से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के जीवन स्तर में आए बदलावों की जानकारी हितग्राहियों द्वारा मंच पर आकर स्वयं दी जा रही है। शिविर में सभी विभागों के स्टाल लगाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से जनता के कार्य त्वरित गति से निपटाए जा रहे हैं। इसमें आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, राशन कार्ड बनवाने तथा निराश्रित पेंशन और राजस्व संबंधी कार्यों तथा स्कूली बच्चों के जाति निवास आय प्रमाण पत्रों के लिए संबंधित विभागों की कार्यालयों में अधिक भीड़ जुट रही है। महीनेभर से अधिक चलने वाली इस यात्रा के लिए पिथौरा ब्लाक में दो मोबाइल वाहनों की



व्यवस्था की गई है, जो प्रतिदिन चार गांवों तक पहुंच रही है।

बुधवार को यात्रा का पड़ाव ग्राम गोड़बाहल और मुढ़ीपार में रहा, जहां आम जनता की भीड़ उमड़ पड़ी और गांव में उत्सव सा माहौल बन गया। यात्रा के दौरान वीडियो क्लिप व विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा लगाए गए स्टाल के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई। पात्र लोगों का तत्काल पंजीयन कर उन्हें लाभ पहुंचाया गया। यात्रा के मध्य जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक एवं जनपद के सीईओ चंद्र प्रकाश मनहर ग्राम गोड़बहाल पहुंचे। उन्होंने समस्त स्टालों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए व हितग्राहियों से मुलाकात कर उनके द्वारा लिए जा रहे लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त किए व उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किए। उनके द्वारा गांव में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया गया, जिसमें शिक्षक दिनेश नायक, पटवारी तरुणा जांगड़े, समाज सेवी जयराम वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नूरा यादव, मूर्तिकार पदमू प्रजापति, युवा जीतराम ठाकुर, महिला सशक्तिकरण के लिए सुशीला निषाद प्रमुख रहे। यात्रा में उपस्थित जनसमूह को ग्राम पंचायत गोड़बहाल के सरपंच सादराम पटेल द्वारा 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में उप वन मंडलाधिकारी यूआर बसंत, एबीईओ द्वारिका पटेल, रेंजर जयकांत गंडेचा, शिविर प्रभारी उमेश दीक्षित, डे नोडल अधिकारी राजेश एक्का, नायब तहसीलदार काले, खाद्य निरीक्षक कमल साहू, एफए नंद, अरुण कुमार देवता, यूके दास, टेकराम निषाद, बाला राम दीवान उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारिका पटेल ने किया।

गोड़बहाल पश्चात यात्रा रथ ग्राम पंचायत मुढ़ीपार पहुंची, जहां सरपंच देवसिंग दीवान व उपसरपंच डालेश्वर पटेल डे नोडल अधिकारी द्वारिका पटेल यहां संपूर्ण तैयारी के साथ शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लाभार्थियों के साथ तैयार थे। उनके द्वारा मोबाइल वैन का स्वागत किया गया। संकल्प यात्रा के दौरान यहां एसडीएम हेमंत राजेश नंदनवार आईएएस पहुंचे, जो स्टाल को देखते हुए मंच से लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किए। वहीं अधिकारी को लाभार्थियों के पक्ष में विभिन्न दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। मुढ़ीपार में मुख्य अतिथि के आसंदी से वरिष्ठ भाजपा नेता सादराम पटेल ने कहा कि मोदी की सोच पूरे विश्व में भारत को नंबर एक बनाने की है, इसमें हम सब को कदम से कदम मिलाकर उनका साथ देना होगा, तभी यह संभव हो पाएगा और हम विश्व में नंबर एक बन पाएगे। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ करारोपण अधिकारी उमेश दीक्षित ने किया।

# टीचर्स एसोसिएशन ने की विधायक से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

छग टीचर्स एसोसिएशन की प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित विधायक चातुरी नंद से विधायक कार्यालय झिलमिला में गुलदस्ता एवं मोमेंटो भेंट किया। विधायक नंद को छग शासन से अपनी मांगों को अवगत करवाने का आग्रह करते हुए जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि पूर्व सेवा (शिक्षा कर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति) के आधार पर पुरानी पेंशन के लिए कुल सेवा अवधि की गणना किया जाए। (एनपीएस कटौती अप्रैल 2012 से प्रारंभ किया गया था)।

पेंशन निर्धारण के लिए अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष किया जाए, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर किया जाए, पूर्व सेवा अवधि (प्रथम नियुक्ति तिथि) के आधार पर क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, व्याख्याता, प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति किया जाए, केंद्र सरकार द्वारा देय तिथि जुलाई 2023 से लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान करने की मांग की। जिस पर विधायक चातुरी नंद ने कहा कि शिक्षक एवं कर्मचारी हितैषी समस्याओं को हल करवाने के लिए वे मांगों को शासन तक पहुंचाते रहेंगे।

इस दौरान एसोसिएशन के जिला महासमुंद के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, प्रान्तीय संयोजक सुधीर प्रधान, प्रांतीय प्रचार मंत्री केशव राम साहू, जिला संयोजक लालजी साहू, सचिव नंदकुमार साहू, कोषाध्यक्ष विजय प्रधान, कार्यकारी जिला अध्यक्ष सादराम अजय, जिला प्रवक्ता लोरिश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली ललित साहू, ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा महेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दिलीप नायक, महामंत्री अनूप नायक, गिरधारी पटेल, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली पवन यादव, सचिव कैलाश पटेल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र भोई, नरेश बारीक, धर्मेन्द्र नाथ राणा, सालिक राम साहू, वीरेंद्र नर्मदा, गौरी शंकर पटेल, दानियल तांडी, गजेंद्र नायक, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, एसोसिएशन ब्लॉक पदाधिकारी जोगीलाल पटेल, यशवंत चौधरी, अनिल प्रधान, महेश नायक, शशि भूषण रावल ,अरुण विशाल, अश्वनी बारीक, ज्योति कुमार ठेठवार, दामोदर महापात्र, टीकाराम चेला, दिलीप विशाल, हेमंत वर्मा आदि शामिल है।

# प्रधान को मिले भारत गौरव रत्न समेत अनेक अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**महासमुंद।** (स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम अंग्रेजी हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटेवा के प्राचार्य व क्षेत्र के शिक्षाविद् समीर चंद्र प्रधान को भारत गौरव रत्न श्रीसम्मान काउंसिल ( एप्रूव्ड बाय मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया) एवं विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग द्वारा संयुक्त रूप से शैक्षिक प्रशासन एवं समाज सेवा के लिए भारत गौरव रत्न श्री सम्मान प्रदान किया गया है। काउंसिल ने प्रधान को सदस्यता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया है। प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रधान काउंसिल के सक्रिय सदस्य हैं तथा उनके विश्वव्यापी सामाजिक कार्यों के विकास की प्रतिबद्धता को काउंसिल मान्यता प्रदान करती है। इसी काउंसिल द्वारा समीर चंद्र प्रधान को शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान में असाधारण उपलब्धि एवं उल्लेखनीय भूमिका के लिए राष्ट्रीय अशोका सम्मान भी प्रदान किया गया है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सम्मान स्वरूप समीर चंद्र प्रधान को कन्या शिक्षा के प्रचार प्रसार में उत्कृष्ट उपलब्धि एवं उल्लेखनीय भूमिका के लिए आईपीएएसी द्वारा इंटरनेशनल फीस अचीवमेंट अवार्ड भी प्रदान किया गया।



इन सम्मानों की घोषणा द अशोका होटल नई दिल्ली में 21 दिसंबर 2023 को की गई। सम्मान प्राप्त करने के लिए समीर चंद्र प्रधान अपरिहार्य कारणों से नई दिल्ली अशोका होटल में सम्मान समारोह में उपस्थित नहीं हो सके थे। इसलिए काउंसिल द्वारा प्रधान को दूरभाष पर बधाई देते हुए ये सभी सम्मान डाक से भिजवाया गया। जिला शिक्षा कार्यालय महासमुंद में जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी के हाथों समीर चंद प्रधान को ये सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्रदान करते हुए डी ई ओ मुखर्जी ने इसे शिक्षा विभाग के लिए अभूतपूर्व गौरव का पल बताया। इस अवसर पर सहायक संचालक सतीश नायर, सुधीर प्रधान ( प्रांतीय संयोजक छग टीए), नारायण चौधरी (अध्यक्ष महासमुंद,), नंदू साहू (सचिव), विनोद यादव (ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा), महेंद्र चौधरी ( ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा), हर्ष चंद्राकर एवं अनेक अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि समीर चंद्र प्रधान छत्तीसगढ़ के एक ऐसे प्रिंसिपल हैं जिन्हें अभी हाल ही में दिल्ली में केंद्र सरकार के कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा डाक्ट्रेट की मानद उपाधि प्रदान की गई थी। प्रधान की इस उपलब्धि पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी हिंदी माध्यम पटेवा के स्टाफ सदस्य घनाराम सिन्हा, अरुण कुमार बनर्जी, अर्चना तिवारी, मोहिनी चंद्राकर, पद्मिनी नसीने, शीतल कुमार चतुर्वेदी, खिलेश्वरी सिन्हा एवं अन्य सदस्यों सहित इष्ट मित्रों ने हर्ष जताया है।



### एजीसी में प्रतिभा स्कूल के अर्श चैंपियन एवं पलोटी के अहद रनर अप

**सरायपाली।** सिप अबेकस के नेशनल अर्थमैटिक जीनियस कॉन्टेस्ट का तीसरा राउंड 7 जनवरी को रायपुर के भारतीय विद्या भवन स्कूल में हुआ। इस प्रतियोगिता में सरायपाली शहर के चार स्कूल प्रतिभा पब्लिक ,केजी कॉन्वेंट, सेंट विंसेंट पलोटी एवं केपी इंटरनेशनल स्कूल शामिल रहे। शहर के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा लिया है। जिसमें प्रतिभा पब्लिक स्कूल के अर्श अग्रवाल कक्षा तीसरी में चैंपियन रहे। उन्होंने दस हजार रुपए का इनाम अपने नाम किया। साथ ही सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल कुटेला के कक्षा चौथी के छात्र अहद अमन ने थर्ड रनर अप का खिताब अपने नाम किया। सरायपाली अबेकस के राखी पाणिग्राही ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी चैंपियन बनने पर हर्ष जताया।

### ग्रामीणों को दी गई केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**सरायपाली।** केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम तोषगांव, पझरापाली एवं लमकेनी पहुंची। जहां ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर ने कहा कि सरकार हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रही है। केंद्र सरकार की अंत्योदय अन्न योजना, आयुष्मान योजना, आवास योजना, फसल बीमा योजना, रोजगार गारंटी योजना, विश्वकर्म योजना, उज्ज्वला योजना आदि का सभी को लाभ मिल रहा है। नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने और दैनिक जीवन यापन को सहज बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। संकल्प यात्रा में सभी विभागों के विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहें। इस दौरान आयोजित शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में अधिकारियों ने नागरिकगणों की जरूरत, समस्याओं, मांगो को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई भी की गई । उन्होंने सभी ग्रामीणजनों से इस शिविर में पहुंच कर शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्तागण, ग्राम पंचायत सरपंच तथा अधिकारी कर्मचारी, स्कूल के छात्र छात्राओं, ग्रामवासी एवं मातृ शक्ति उपस्थित रहे।





### घर-घर दिया जा रहा प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के निमंत्रण घर घर अक्षतों का वितरण धूमधाम से किया जा रहा है। ग्राम के रामजानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर अक्षत का वितरण किया जा रहा है। भेंट पत्रक में भगवान श्रीराम मंदिर के बारे में विस्तृत लेख बताकर 22 जनवरी की शाम ग्राम के रामजानकी मंदिर में भव्य पूजा अर्चना व घर को सजाने व पांच दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाने व राम नाम का 108 बार जाप करने की अपील की जा रही है। इस दौरान रोशन दास मानिकपुरी, लिखित यादव, रामा यादव, जगत पाल साहू, खेलावन साहू, अजय निषाद, राहुल शर्मा सहित रामभक्त उपस्थित रहे।

### सहायक प्रबंधक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदाय करने की मांग

**महासमुंद।** लघु वनोपज संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर सहायक प्रबंधक अभ्यर्थी को आगामी आचार संहिता से पहले नियुक्ति पत्र प्रदान करने मांग की। लघु वनोपज संघ के अंतर्गत सहायक प्रबंधक पदों पर शीघ्र नियुक्ति के लिए राज्य के सभी जिलों से कृषि, उद्यानिकी, वानिकी, इंजीनियरिंग (मैकेनिकल /सिविल), प्रबंधन के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर आग्रह पत्र सौंपा। साथ ही उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि दस्तावेज सत्यापन सहित समस्त विभागीय प्रकिया पूर्ण होने के बाद भी समस्त अभ्यर्थी नियुक्ति के इंतजार में बैठे है। शासन से आगामी दिशा निर्देशों के अभाव में संबधित विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए है। आपको बता दें कि राज्य लघुवनोपज संघ के अंतर्गत



180 संविदा पदों पर सहायक प्रबंधको की नियुक्ति के लिए व्यापम द्वारा पिछले वर्ष एलवीएएम-23 प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया था। 14 अगस्त 2023 व्यापम द्वारा अंतिम मेरिट सूची जारी की गई। संघ मुख्यालय ने दस्तावेज सत्यापन सहित समस्त विभागीय प्रकिया पूर्ण की। किंतु, पूर्व 2023 विधानसभा आचार संहिता, नवीन केबिनेट गठन और अब शासन से निर्देशों के अभाव में कृषि, उद्यानिकी, वानिकी, इंजीनियरिंग, प्रबंधन के हजारों स्नातक और उच्च डिग्रीधारी परीक्षार्थी रिजल्ट जारी होने के 6 माह बाद भी नियुक्ति के इंतजार में बैठे है। पूर्व में भी छात्रों ने वन मंत्री केदार कश्यप और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मिलकर भी समस्याओं से अवगत कराया था। प्रदेश के अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए 2024 लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले नियुक्ति प्रकिया पूर्ण करवाने की मांग की।

### यूनिवर्सिटी की टापटेन सूची में प्रतीक्षा शामिल

**महासमुंद।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के आधार पर एमएससी भौतिकी विज्ञान के टॉप टेन मेरिट सूची जारी की गई है। जिसमें महासमुंद की एमवीपीजी (महाप्रभु वल्लाभाचार्य महाविद्यालय) में अध्ययन रही ग्राम खैराभाठा निवासी प्रतीक्षा तिवारी ने एमएससी चौथा सेमेस्टर में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रवीण्य सूची में छठां स्थान प्राप्त किया है। बचपन से मेधावी प्रतीक्षा पिता अखिलेश तिवारी, माता पुष्पलता तिवारी की बड़ी बेटी है। पिता अखिलेश तिवारी ने बताया कि बेटी के मेरिट सूची में आने के बाद छोटी बेटी सहित पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी बात यह भी है कि सरकारी स्कूल में उनकी माता शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। वहीं उनके छोटा भाई कान्हा है जो कि शारीरिक रूप से दिव्यांग है जो वर्षों से अस्वस्थ है जिनकी देखभाल के साथ घर के काम में अपनी भूमिका निभाती है। प्रतीक्षा कालेज के छात्र-छात्राओं को भी पढ़ाती है। वे अभी वर्तमान में आत्मानन्द स्कूल सांकरा में पदस्थ है। इस उपलब्धि पर नाना एलबी पांडे, एलपी शुक्ला नानी, अनुसुइया शुक्ला, राकेश पांडे, विजय शंकर पांडेय, साक्षी तिवारी, प्रदीप मिश्रा, निर्जला मिश्रा, सुशील पांडेय, संध्या पांडेय, संदीप दीवान, शोभा दीवान, प्रवीण दीवान, सुमन दीवान, शिल्पी मिश्रा, रोहित मिश्रा, सूर्यनारायण तिवारी, शंकरलाल साहू, लोचन कंडरा आदि ने हर्ष जताया है।



# हरित एवं श्वेत क्रांति को बढ़ावा देने में शास्त्री की अहम भूमिका

**महासमुंद।** स्थानीय कांग्रेस भवन में भारत के दूसरे प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री हरित क्रांति एवं श्वेत क्रांति को बढ़ावा देने में उनका अहम भूमिका रहा। काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि मिलने के बाद उन्होंने अपना जाति सूचक शब्द श्रीवास्तव हमेशा के लिए हटा दिया और अपने नाम की साथ शास्त्री लगाने लगे। वे विनम्र, सरल,मजबूत इरादे वाले एवं जबरदस्त आंतरिक शक्ति वाले व्यक्तित्व के धनी थे। लोगों के बीच ऐसे उभरे जिन्होंने लोगों की भावनाओं को समझा। उन्होंने देश में जय जवान, जय किसान का नारा दिया। देश के लिए उनकी असाधारण सेवाओं के लिए उन्हें वर्ष 1966 में देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से मरणोप्रांत सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम चोरभट्टी निवासी अमर सिंह सबर एवं उनके साथियों ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छग शासन




खिलावन बघेल, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष हरबंश सिंह ढिल्लो, ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू, संयुक्त महामंत्री सोमेश दवे, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, पूर्व पार्षद राजू साहू, तुलसी साहू आदि मौजूद रहे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### खट्टी में लोगों की सेहत जांच

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 जनवरी को एनसीडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, एचबी ब्लड, शुगर जांच की गई। साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। जिसका लाभ उठाने बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ कमलेश्वरी ध्रुव, मनीष साहू, मितानीन संतोषी साहू, पार्वती जोशी, छन्नू यादव, द्रौपति बाई, मीना बाई, सरस्वती, बेदबाई, राजकुमारी सहित विधायक प्रतिनिधि प्रेमलाल साहू, सांसद प्रतिनिधि कांत शर्मा, सरपंच दुजराम साहू उपस्थित रहे।

### कोमल पुरी गोस्वामी को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन



दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई के संरक्षक कोमल पुरी गोस्वामी (69) का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंत्येष्टि उनके गृहग्राम डोंगरीपाली में की गई। वे आशुतोष पुरी के पिता थे। जिला इकाई द्वारा शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, सचिव ओमप्रकाश पुरी, उमेश भारती, यशवंत गिरि, विजय पुरी, मनोज गिरि सहित समाज तथा परिवार के लोग और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### अशोक की कविताओं का प्रसारण कल

**महासमुंद।** नगर के सुप्रसिद्ध



साहित्यकार अशोक शर्मा की कविताओं का रेडियो प्रसारण आकाशवाणी रायपुर केंद्र से 13 जनवरी सुबह 10 बजे काव्य गोष्ठी कार्यक्रम के अंतर्गत किया जाएगा। इस काव्य गोष्ठी में रज़ा हैदरी और संगीता अग्रवाल ने भी भाग लिया है। उक्त रेडियो प्रसारण अब प्रसार भारती के एप न्यूज ऑन एयर के माध्यम से स्मार्ट फोन पर भी सुना जा सकता है।

### विश्वविद्यालय की जारी मेरिट सूची में छात्रा मनीषा शामिल

**बसना।** स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में बीएससी भाग- तीन की छात्रा मनीषा कैवर्त पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची में 7वें स्थान पर रही है। मनीषा कैवर्त एक मध्यम कृषक परिवार से संबंधित है। वह विद्यालयीन जीवन में मेधावी छात्रा रही है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची में मनीषा कैवर्त ने कुल 1800 अंकों में 1481 प्राप्तांकों के साथ मेरिट सूची में अपना 7वां स्थान प्राप्त कर सफलता अर्जित की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों को दिया है।



### शास्त्री की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें सुमन यादव, राजकुमारी यादव, मालती पटेल, अल्फू साहू, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा लाल बहादुर शास्त्री ने अपना पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया। सादा जीवन उच्च विचार के मार्गदर्शी सिद्धांत को उन्होंने आजीवन अपनाया और लोगों के लिए मिसाल प्रस्तुत की। सशक्त भारत के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है।

## आयोजन : कंवरपाली और भंवरपुर में संकल्प शिविर लगा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा याने मोदी सरकार की गारंटी : सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को सरायपाली विकासखंड के ग्राम कंवरपाली एवं विकासखंड बसना के भंवरपुर पहुंची। ग्राम पंचायत कंवरपाली और भंवरपुर में आयोजित संकल्प शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कहा कि यहां पर शिविर लगाकर ग्रामीण भाई बहनों को मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत से जानकारी दी गई तथा मोदी सरकार के हर योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों से अपील की।



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने आगे कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितों और अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियां से योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लैक्स और पोस्टर के माध्यम से जन जन तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही तथा आगे कहा कि ग्रामीणों ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गए थे उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में मोदी सरकार संकल्पबद्ध होकर कार्य किया जा रहा है। इस शिविर में योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए जा रहे है, जिसे शिविर स्थल पर ही समस्याओं के निराकरण की कोशिश की जा रही है तथा जो शिविर स्थल पर नहीं वाले समस्याओं के निराकरण के लिए एक निश्चित समयावधि पर उसका निराकरण किए जाने की बात कही।

### आयुष्मान स्वास्थ्य एवं किसान क्रेडिट कार्ड वितरण

शिविर में आए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सस्ती एवं जेनरिक दवाई, आधार कार्ड से संबंधित एवं अन्य विभागों और योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ हितग्राहियों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड एवं किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। कोसरिया ने शिविर में छह माह के बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया एवं गर्भवती माताओं के गोद भराई का रस्म भी किया। उन्होंने कहा कि आने वाला बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो इसके लिए विशेष पोषण आहार एवं ध्यान, योग, प्राणायाम, समय समय पर स्वास्थ परीक्षण कराने की बात गर्भवती माताओं से कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य जयंती पटेल, मंडल अध्यक्ष विद्या चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, जिला मंत्री देवकी दीवान, मंडल महामंत्री गुलाब किशोर स्वर्णकार, पूर्व मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, घनश्याम पटेल, जयलाल पटेल, तेजलाल चौधरी, सरपंच हेमा पटेल, उपसरपंच मंजीत कौर, सुशीला श्रीवास आदि उपस्थित थे। सरस्वती शिशु मंदिर के बालक- बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति दी गई।

# रोहिना में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत रोहिना में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत रोहिना सरपंच जज्ञसिनी साहू एवं विशिष्ट अतिथि पंच जयकृष्ण नेताम, गुरबारी टेकाम, मिथिला राणा, ग्राम पंचायत सागरपाली के पूर्व सरपंच वृंदावन साहू, वरिष्ठ नागरिक रूपानंद साहू, भगवानो बेहरा, सुरेंद्र सेठ, शुक्लध्वज सिंह टेकाम, संकुल केंद्र खोकसा प्रभारी पंचानन ठाकुर ने मां सरस्वती एवं भारत माता की पूजा अर्चना के साथ किया गया। संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी बीईओ जेआर डहरिया द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी देते हुए साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ग्रामीणों को संकल्प वाचन कराया गया। शिविर में ही विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। कृषि विभाग के अधिकारी सतपथी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, केसीसी,



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी। किसानों को ड्रोन से दवा छिड़काव की विधि बताते हुए उसका प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ डॉ जेपी प्रधान ने आयुष्मान कार्ड बनाने एवं स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरण भी किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ज्योति सिंह ठाकुर ने रेडी टू ईट, पोषण आहार एवं अन्य विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। शिविर के दौरान गोद भराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने हुलहुली एवं हरिबोल के साथ गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को आशीर्वाद प्रदान किया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी रूपानंद साहू ने केसीसी, गिरधारी साहू ने फसल बीमा, नाथ सेठ ने किसान सम्मान निधि, शिवलाल सोनवानी ने पीएम आवास, नेपाल साहू आयुष्मान आरोग्य योजना, राखी मरकाम, सुनीता राणा ने बिहान, कुमोदिनी साहू ने उज्वला योजना, सरोजिनी ने पोषण आहार, दुखीश्याम साहू ने पेंशन योजना से मिलने वाले लाभ की जानकारी प्रदान की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

प्राथमिक शाला के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं हाई व मिडिल स्कूल के छात्राओं द्वारा संबलपुरी एवं सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। निःशुल्क कोचिंग क्लास चलाने के लिए शिक्षक एसके पटेल को मंच से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा कापी, पेन देकर सम्मानित किया गया। बिहान की महिलाओं ने धरती करे पुकार प्रहसन के माध्यम से प्लास्टिक एवं कीटनाशक दवा के इस्तेमाल को कम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि चूड़ामणि साहू, पंच विजय राणा, सचिव उसत कुमार, रोजगार सहायक रमाकांत टेकाम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलेंद्री प्रधान, संकुल समन्वयक टीआर पटेल, प्रधान पाठक बोधन पटेल, व्याख्याता केके साहू, आर आई राकेश साहू, उपयंत्री विकास सोनी, करुणाकर दास आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता कमलेश साहू एवं आभार व्यक्त करारोपण अधिकारी पुरुषोत्तम दीवान ने किया।

# पालिका सभापति ने राशन दुकानों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू ने नगर के विभिन्न राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया। साहू ने राशन दुकानों में उपस्थित नागरिकों, माताओं, बहनों, उपभोक्ताओं से प्रति माह मिलने वाले राशन की मात्रा व गुणवत्ता से संबंधित वार्तालाप कर जानकारी प्राप्त की। साथ ही दुकानों के कर्मचारियों से राशन दुकान पर जनजागरुकता के लिए प्रतिदिन समय सारणी नोटिस चिपकाने व राशन की उपलब्धता की जानकारी उपभोक्ताओं को देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने राशन वितरण के दौरान उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका ख्याल रखने कर्मचारियों को कहा।



### भोरिंग में जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा 14 को

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 14 जनवरी दिन रविवार को शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में सुबह 9 बजे से किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5001 एवं शील्ड अमर अरुण चंद्राकर सभापति जिला पंचायत महासमुंद के द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 3001 रु एवं शील्ड विश्वनाथ धीवर (भूतपूर्व सरपंच अछोला) के द्वारा और तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए एवं शील्ड- राजेश साहू (पूर्व सरपंच भोरिंग) के द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रुपए एवं शील्ड परमानंद साहू (सचिव ग्रापं सचिव) के द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रवेश शुल्क 251 रुपए निर्धारित है।

# बनपचरी स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बनपचरी के प्राथमिक शाला के छात्रों को स्कूल के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया प्रधानपाठक अंजू ध्रुव ने जानकारी दी कि छात्रों को उनके पालकों के साथ जंगल सफारी एवं पुरखौती मुक्तांगन का शैक्षणिक भ्रमण काराया गया जिसमें स्वयं के साथ शिक्षक गण अशोक निषाद, मनोज कुलदीप एवं स्कूल



के छात्र खुशबू, प्रेरणा, डुकेश, निखिल, टेशकुमारी, नंदिता, सितेश, भाविया, विद्यालक्ष्मी, गीता, ओमन, पुष्कर, रूपेश, लुकेश, खिलेश, आदित्य, प्रेमशंकर, मेघा, हिमांशु, आकांक्षा, रीना, नरगिस, रोशनी, अंशु, भूमि, तुषार, सतीष, इशा, मयंक, हरीश, उकेश, त्रिलोक, साहिल, रिंकी, और उनके पालक हेमराज ध्रुव, हेमिन, पुष्पा, तेजिया ध्रुव, रेखा ध्रुव ने भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों को जंगली जानवरों के बारे में अवगत कराते हुए जंगल सफारी में भ्रमण किया एवं मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न पर्यटन स्थलों के प्रतिरूपों के संग्रह से अवगत कराया गया।

### छात्रों को खेलकूद के लिए बांटी गई जर्सी

**महासमुंद।** प्री मैट्रिक आदिवासी बालिका छात्रवास बीटीआई रोड कलेक्टर कार्यालय के पीछे में बच्चों को खेलकूद के लिए जर्सी वितरण किया गया। साथ ही बच्चों से आगे भविष्य की योजना के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए करियर मार्गदर्शन के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने साथ ही आत्मसुरक्षा के लिए जल्द से जल्द कराते के लिए सुपर संडे में बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता कराई जाएगी। साथ ही पालकों का भी आवश्यक बैठक लेकर बच्चों की जिज्ञासा से अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर एसपी ध्रुव जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ महासमुंद, एके ठाकुर सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग, डमरू धर मांझी पार्षद, ऋतु चंद्राकर अधीक्षिका एवं क्लास छठवीं से दसवीं तक के सभी 100 बच्चे उपस्थित रहे।



# गांवों में आयोजित गणतंत्र यात्रा में शामिल हुईं विधायक चातुरी

**सरायपाली।** क्षेत्र के ग्राम केना, इच्छापुर, नानकपाली, कुटेला और जलगढ़ में आयोजित गणतंत्र यात्रा में नवनिर्वाचित विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र में माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण और संविधान वाचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भारत माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की वेशभूषा पहनकर प्रभात फेरी में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हम गांव गांव जाकर गणतंत्र यात्रा निकाल रहे है। बापू के विचारों से हम समाज में आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ा सकते है। साथ ही हम समाज में बदलाव कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मनमोहन भोई, सरपंच गणेशराम



पटेल, जलगढ़ संजय प्रधान, प्रमोद ग्वाल, दिवाकर ग्वाल, वीरेंद्र बारीक, परशु चौहान, मोसिन खान, हेडमास्टर बीरेंद्र पटेल, सुनीता प्रमोद प्रधान, सरायपाली शहर कांग्रेस अध्यक्ष भरत मेश्राम, अविनाश दास, रोवर लीडर सीनियर रोवर दुष्यंत साहू आदि मौजूद रहे।

### आज और कल 20-20 ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी है। जिसके तहत 12 जनवरी को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत नवागांव और जोगीडीपा में सुबह 10 बजे से एवं पटेवा और तोरला में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत कोमाखान और कुलिया में सुबह 10 बजे से एवं घोयनाबाहरा कला और कसेकेरा में दोपहर 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत रिखादादर और डोंगरीपाली छ में प्रातः 10 बजे से, ग्राम पंचायत जेराभरन और छोटेलोरम में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत माधोपाली और करनापाली में 10 बजे से एवं लम्बर और कुसमुर में 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत कोसमपाली और मुंधा में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत जम्हारी और पाटसेंद्री में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 13 जनवरी को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत बावनकेरा और सिंधौरी में सुबह 10 बजे से एवं छिंदौली और पथर्री में दोपहर 2 बजे से, जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत हाथीबाहरा और टेका में सुबह 10 बजे से एवं घोटियापानी और भोथा में दोपहर 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत ढोढरकसा और सलडीह में सुबह 10 बजे से एवं कटंगतराई और पेंड्रावन में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत खोगसा और उड़ेला में 10 बजे से एवं संतपाली और चिपरीकोना में दोपहर 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत अंतरझोला और खोखेपुर में सुबह 10 बजे से एवं डुमरपाली और माधोपाली में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन होगा।

# भाजपा का विरोध करते-करते राम का विरोध करने लगी कांग्रेसः सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के न्यौते को ठुकरा दिया है। कांग्रेस के इस फैसले से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस को देश के 100 करोड़ से अधिक हिंदू सनातनियों के आस्था, भावना से कोई सरोकार नहीं। अब वक़्त आ गया है कि भारत कांग्रेस मुक्त हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को नहीं आना था तो उन्हें निमंत्रण कार्ड ही नहीं लेना चाहिए था।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने रामसेतु को लेकर कहा था कि भगवान राम कोई थे ही नहीं, ये काल्पनिक है। ये राम मंदिर में टांग अड़ाने वाले लोग हैं। कांग्रेस पार्टी की स्थिति अब ऐसी हो गई है, जैसे शरीर के किसी भाग में कैंसर बढ़ जाता है तो जब उसका कोई उपचार नहीं बचता और उसे काटना पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत को कांग्रेस मुक्त होना चाहिए, अब वह वक्त आ गया है कि भारत के करोड़ों सनातनी एकजुट होकर देश को कांग्रेस मुक्त करें। सुधा साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा का विरोध करते-करते राम का विरोध करने लग जाते हैं और राष्ट्र का विरोध करते हैं। उन्हें ये पता होना चाहिए कि राम हिंदुओं के भगवान होने के साथ समस्त मानव जाति के आदर्श हैं। इस्लामिक देशों में भी राम को अपना पूर्वज माना जाता है। फारुख अब्दुल्ला भी कह चुके हैं कि मुसलमानों के भगवान भी राम हैं वे हमारे पूर्वज हैं। इंडोनेशिया में भी राम को अपना पूर्वज कहा जाता है। भगवान राम तो भारत के राजा हैं। जिस राम राज की आज पूरे विश्व में चर्चा हो रही है, ऐसे पतित पावन भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाकर कांग्रेस ने हिंदू विरोधी चेहरे को जग जाहिर किया है।

भगवान राम राष्ट्र के गौरव हैं। कांग्रेस के आलाकमान सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी सहित समस्त सहयोगी दल कभी चाहते ही नहीं थे कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बने। वे तो यहां बाबरी मस्जिद को फिर से बनाना चाहते थे। अपने हार के खीझ में आज कांग्रेसी अपनी भावनाओं को राम का विरोध कर जगजाहिर कर रहे हैं।

# शिक्षक संगोष्ठी व नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय शिक्षक संगोष्ठी व नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी रहीं। विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर, बीआरसीसी कार्यलय से निर्मलकर, फेडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव रहे।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महिला शिक्षकों द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटका फोड़ में सभ्य पटेल, बाल्टी बॉल में सभ्य पटेल, पुष्पा पटेल (प्रथम), लोमिन साहू, सीमा चंद्राकर (द्वितीय), रस्सा खींच में झलप जोन (प्रथम), महासमुंद जोन (द्वितीय), मूंगफली छीलो में



रामेश्वरी हनुमंता (प्रथम), सहेलका दास (द्वितीय), रिंगारिंग में रामेश्वरी साहू, निशा गजबेई (प्रथम), प्रियंका नागदेवे, हेमलता कोसरे (द्वितीय) रहे। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मधु साहू गीत एवम रोल प्ले, ज्योत्सना कन्नौजे कविता पाठ, रेखा कन्नौजे एवम साथियों द्वारा ग्रुप डांस, सिरपुर जोन से ग्रुप डांस, कमला मांझी एकल डांस, हेमलता साहू एकल डांस, तृप्ति साहू, निशा गजबेई, सहेलका दास विजेता रही। दूसरे सत्र में शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई व नई शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी ने कहा कि बच्चों के भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षकों के बेहतर कार्य से ही बच्चों के भविष्य का निर्माण होता है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने इस आयोजन के लिए फेडरेशन को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा कि फेडरेशन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार विभिन्न आयोजन करता रहता है। आज उसी कड़ी में शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है। प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन बच्चों की प्रतिभा को बाहर निकालने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। हमारी बुनियादी शिक्षक बच्चों के नवनिर्माण के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने कहा कि आने वाले समय में बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए फेडरेशन महासमुंद विकासखंड में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए विशेष कक्षाएं लगाने के लिए कार्य करेगा। इस अवसर पर नूतन दुबे, सीमा यादव, ललिता चंद्राकर, रेखा ध्रुव, रामेश्वरी साहू, कमला मांझी, रेखा कन्नौजे, ज्योत्स्ना कन्नौजे, शशि मरकाम, गायत्री ठाकुर, राजेश चंद्राकर, लव निर्मलकर, आत्मा राम साहू, लोकेश मोंगरे, पुरुषोत्तम चंद्राकर, लुकेश ध्रुव, अजय बंजारे, राजेश भाले राव, केआर सोनवानी, बलराम नेताम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मुनिया निर्मलकर ने किया।

